श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संस्मरण ताजा हुए, पुष्पांजलि दी

▶ वार्ड क्रमांक 21 में पौधारोपण

नागदा। वर्षा ऋतु के शुभ आगमन पर अच्छी वर्षा की कामना के साथ वार्ड क्रमांक 21 एवं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद विजय पटेल के साथ बेरछा रोड स्थित कॉलोनी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने अपना जन्मदिन सेवा, संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित भाव से मनाया। उन्होंने दिन की शुरुआत योग, प्राणायाम, वैदिक यज्ञ एवं देवदर्शन से की। इसके पश्चात बेरछा रोड बायपास स्थित कॉलोनी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें वार्डवासियों, ईष्ट मित्रों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।वार्ड क्रमांक 21 की आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता बहनों एवं लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने गीत एवं कविताओं के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा स्नेहपूर्वक मामा को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विजय पटेल का पगड़ी पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत भी किया गया।

सुबह से ही उनके वार्ड स्थित निवास पर शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास सहित अनेक पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी।

इसके बाद प्रकाश टॉकीज स्थित भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया गया। नगर मंडल महामंत्री दौलतराम प्रजापत के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विजय पटेल का पुष्पवर्षा, पगड़ी एवं मालाओं से भव्य स्वागत कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

शाम को अटल गार्डन में पार्षद बिट्टू यादव के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने भी विजय पटेल का आत्मीय स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

संगीत निशा में मालवांचल के कलाकारों ने दी सदाबहार नगमों की प्रस्तुति

उज्जैन। शहर की कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्यगृह में रविवार को सरगम म्यूजिकल ग्रुप इंदौर के तत्वावधान में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन किया गया। इस दौरान मालवांचल के सात शहरों से आए गायक कलाकारों ने सदाबहार रोमांटिक गानों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के संयोजक श्याम जाटवा और मुख्य आयोजक सुनीता जाटवा ने बताया कि इस संगीतमय आयोजन में इंदौर, उज्जैन, आगर, तराना, नागदा, रतलाम और देवास के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

महिदपुर। शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर के प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परमार को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विकासखण्ड की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। इसी क्रम में संजय त्रिवेदी एवं शांतिलाल सूर्यवंशी के शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पुष्पगुच्छ भेंट कर दोनों शिक्षकों का अभिनंदन किया गया तथा उनके अनुभव और सेवाओं से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होने की आशा व्यक्त की गई। विद्यालय परिवार ने प्राचार्य किशोर परमार को अतिरिक्त दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागत शिक्षकों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

एक नजर में

भिया बाज़ार ने उज्जैनवासियों को दिया यादगार वीकेंड

उज्जैन। कॉसमॉस मॉल में आयोजित दो दिवसीय भिया बाज़ार-वीकेंड एस्केप एडिशन का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शामिल होकर वीकेंड का भरपूर आनंद लिया। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों, महिला उद्यमियों, छोटे व्यवसायों और होमग्रोन ब्रांड्स को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। आयोजक अवनी विजयवर्गीय और प्रियांश ने बताया कि कार्यक्रम में होमग्रोन ब्रांड्स के आकर्षक शॉपिंग स्टॉल्स लगाए गए थे। इसके अलावा क्रिएटिव वर्कशॉप्स, लाइव म्यूज़िकल जैमिंग, गेम नाइट और विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां आयोजन का मुख्य आकर्षण रहीं। आयोजन के दौरान गेम नाइट के विजेताओं को कृष गिफ्ट गैलरी की ओर से आकर्षक उपहार बांटे गए। वहीं, किड्स प्री स्कूल के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। अंत में आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और शहरवासियों का आभार माना।

आगामी कार्यक्रमों पर बनी रणनीति

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के लोक शक्ति कार्यालय पर सोमवार को शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल की आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी आयोजनों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, मंडल प्रभारी पंकज मिश्रा, महामंत्री कुलदीप पांचाल, सुषमा बोहरा, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की जानकारी भाजपा के मीडिया प्रभारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।

पीएचई में अनुकंपा वाले बन रहे उपयंत्री, 30 साल से कार्यरत डिग्रीधारी कर्मचारियों की उपेक्षा

उज्जैन। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अनुकंपा के आधार पर लगे नियमित स्थापना के चतुर्थ और तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को उपयंत्री बनाया जा रहा है, जबकि पिछले 25-30 वर्षों से सेवाएं दे रहे उच्च शिक्षित डिग्री व डिप्लोमाधारी कार्यभारित कर्मचारियों की उपेक्षा हो रही है। इस भेदभाव के विरोध में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने विभाग के प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपकर कार्यभारित कर्मचारियों को भी विभागीय परीक्षा में शामिल करने की मांग की है। संघ ने बताया कि विभाग में 25 से 30 वर्षों से उच्च वेतनमान में कार्यरत डिग्री एवं डिप्लोमाधारी कर्मचारी उपयंत्री एवं उसके समकक्ष कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों की उपेक्षा कर विभाग ने 2012 की भांति पुनः नियमित स्थापना के कर्मचारियों को उपयंत्री बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। आगामी विभागीय डीपीसी और परीक्षा से वंचित होने के कारण कार्यभारित कर्मचारियों के उत्साह में कमी और कुंठा का भाव उत्पन्न हो रहा है। इससे आगामी समय में विधिक संकट भी उत्पन्न हो सकता है। इसे देखते हुए मांग की गई है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लगभग 60 से 70 कार्यभारित कर्मचारियों को भी विभागीय परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाए। कैबिनेट का फैसला भी साबित हो रहा छलावा संघ के अनुसार दिसंबर 2025 में आयोजित कैबिनेट बैठक में कार्यभारित कैडर को समाप्त कर उन्हें नियमित मान लिया गया था, लेकिन पदोन्नति सूची में शामिल न किया जाना वर्तमान में छलावा प्रतीत हो रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के 17 जून 2006 के परिपत्र में भी इस संबंध में अनुशंसा की गई थी, परंतु विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। खुली एवं स्वच्छ प्रतिस्पर्धा हेतु कार्यभारित कर्मचारियों को शामिल करने के लिए मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संगठन द्वारा भी प्रमुख सचिव एवं प्रमुख अभियंता से कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

बीफ कंपनी के नाम से कबीर शब्द नहीं हटा तो देंगे जान

▶ पटना धर्म संसद में अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की चेतावनी

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने देश की बीफ कंपनी अल कबीर लिमिटेड के नाम पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि जब तक इस कंपनी के नाम से कबीर शब्द नहीं हटाया जाता, तब तक उनका चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर पदाधिकारी इसके लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

पटना बिहार में सदगुरु कबीर प्रकटोत्सव एवं धर्म संसद के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब के सानिध्य में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह ऐलान किया गया। महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन साहेब ने कहा कि एक मांस काटने वाली कंपनी के नाम में कबीर शब्द होने से करोड़ों कबीर पंथियों को गहरा आघात पहुंचा है। जब से पदाधिकारियों को इसकी जानकारी मिली है, श्रद्धालुओं में भारी रोष है और वे लगातार इसका विरोध कर रहे हैं।पाठ्यक्रमों में सदगुरु कबीर साहेब नाम करने पर जोर महासंघ का दूसरा प्रमुख लक्ष्य देश के स्कूली पाठ्यक्रमों की किताबों से कबीर दास शब्द हटाना है। पदाधिकारियों का तर्क है कि दास का अर्थ सेवक होता है। पूरी दुनिया को अज्ञानता से मुक्त कराने और कुरीतियों से लड़ना सिखाने वाले ज्ञान के सागर को सिर्फ एक दास, कवि या समाज सुधारक तक सीमित करना न्यायसंगत नहीं है। वे साधारण नहीं बल्कि सदगुरु थे। इसलिए किताबों में उन्हें सदगुरु कबीर साहेब के नाम से पढ़ाया जाए।

उज्जैन पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया संयुक्त रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उज्जैन। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन सेफ क्लीक 2.0 के अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सराफा, उज्जैन में उज्जैन पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में उज्जैन पुलिस की ओर से थाना प्रभारी महाकाल निरीक्षक गगन बादल, सहायक उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान एवं थाना महाकाल पुलिस का स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन की ओर से डॉ. अंजना शुक्ला, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पीसी गुप्ता तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज भाटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, साइबर बुलिंग, अश्लील एवं आपत्तिजनक ऑनलाइन सामग्री, पहचान की चोरी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक की नई टीम ने संभाला जिम्मा

उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक का वार्षिक सेवा सम्मान एवं संस्थापन समारोह रविवार रात देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय संजय सक्सेना ने सत्र 2026-27 की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

संस्थापन समारोह में अमित जुल्का ने अध्यक्ष, विपुल सहगल ने सचिव और राजेश श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ लेकर दायित्व ग्रहण किया। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि संजय सक्सेना ने कहा कि लायंस क्लब्स इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था है। प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि वह तन, मन और धन से समाजहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे।विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने क्लब द्वारा वर्षभर किए गए नेत्रदान, देहदान, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लायनवाद सेवा कार्यों के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का सशक्त माध्यम भी है।

मुंबई में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुई मुस्कान मानव सेवा समिति

उज्जैन। सामाजिक सेवा, रक्तदान और मानवता के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही उज्जैन की मुस्कान मानव सेवा समिति को मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रईस खान को समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र गौरव सम्मान-2026 से अलंकृत किया गया। यह सम्मान रिहंताणं रक्त सारथी संस्था, जिला जालोर (राजस्थान) द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के दौरान रईस खान ने अपना 50वां स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर उन्हें तिरंगा दुपट्टा, मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सैन्य अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेश सोनी, संस्था के संस्थापक कैलाश जैन तथा संतोष श्रीनाथ मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

हाथ में बिल्व का पौधा लेकर महाकाल दरबार तक दंडवत यात्रा करेंगे ट्रीमैन

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से ट्रीमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विष्णु लाम्बा 8 जुलाई को उज्जैन पहुंचेंगे। बुधवार को शहर की सीमा स्थित महामृत्युंजय द्वार से वे हाथ में भगवान शिव को प्रिय बिल्व का पौधा लेकर श्री महाकालेश्वर मंदिर तक दंडवत यात्रा करेंगे।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराना और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना है। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी गति देगी। भगवान शिव को प्रकृति संरक्षण का सर्वोच्च प्रतीक मानते हुए यह संदेश दिया जाएगा कि शिव की जटाओं में गंगा जल संरक्षण, गले में नाग जैव विविधता, नंदी पशु संरक्षण, बाघम्बर वन्यजीव संरक्षण और भस्म पंचतत्वों की महत्ता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे पर्यावरण संरक्षण अभियानों से प्रेरणा लेकर यह यात्रा आयोजित की जा रही है। उज्जैन आगमन पर पर्यावरण प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।

84 महादेव नि:शुल्क दर्शन यात्रा 2 अगस्त से, नानाखेड़ा से निकलेगा पालकी चल समारोह

▶ आयोजन को लेकर समाजजनों की हुई बैठक, यात्रा के नि:शुल्क फॉर्म आंगनवाड़ियों में उपलब्ध

उज्जैन। शहर में चतुर्थ 84 महादेव नि:शुल्क दर्शन यात्रा का आयोजन 2 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ 2 अगस्त को नानाखेड़ा से ढोल-ढमाकों के साथ पालकी दर्शन और चल समारोह के रूप में होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने को लेकर हाल ही में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

दीपक बेलानी ने बताया कि यह यात्रा प्रेरणास्रोत महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया को आयोजक बनाया गया है। धर्मप्रेमी जनता से इस यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है। यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नि:शुल्क फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं।

बैठक में इन्होंने रखे विचार

आयोजन को लेकर हुई बैठक में विशेष रूप से अरविंद जैन, रमेश गजरानी, प्रीति धानक, महेश गंगवानी, गौरव धाकड़, राजकुमार परसवानी, दीपा वासवानी, ज्योति थानी, हितेश तिवारी, दीपक पांचाल, गौरव पंवार, लोकेश सोनगरा, कमल शाहलानी, अनोखीलाल ऊंधेरी, चंद्रभान सिंह ठाकुर, महेंद्र कटिहार, गोपाल बगरवाल, पारस जैन, विनोद लुल्ला, राजेश लश्करी, खुशी लश्करी और नितिन वासवानी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

एक नजर ▶ शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति ने दीप ज्योति सेवा उद्यान में किया

पौधे लगाना ही काफी नहीं, एक वृक्ष का पालक बनकर संरक्षण का लें संकल्प

उज्जैन। शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति द्वारा नानाखेड़ा स्थित दीप ज्योति सेवा उद्यान (आकाशवाणी के सामने) में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित उज्जैन के निर्माण का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष का पालक बनकर उसके संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। अध्यक्षता करते हुए एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी ने आव्हान किया कि हर शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक सहेजें।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल और उनकी टीम के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिलीप गोयल, मुदित गोयल, अविनाश गुप्ता, केके मित्तल, शैलेंद्र चित्रांशी, संजय शिंदे, देवेंद्र पाठक, राम सिंह चौधरी, नैतिक जोशी, भरत बैंडवाल, वीणा मित्तल, संतोष गुप्ता, ममता चित्रांशी और रेखा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन प्रीति गोयल ने किया तथा आभार दिलीप गोयल ने माना।

जनरल इंश्योरेंस वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश सचिव बने उज्जैन के विकास राजपुरोहित

उज्जैन में हुए चुनाव में अध्यक्ष बने मनोज श्रीवास्तव, प्रदेशभर से जुटे अभिकर्ताओं ने नई कार्यकारिणी को दी बधाई

उज्जैन। जनरल इंश्योरेंस वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की मध्यप्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव शहर के होटल प्रतिकल्पा में संपन्न हुए। इसमें भोपाल के मनोज श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष और उज्जैन के विकास राजपुरोहित को प्रदेश सचिव चुना गया है। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि संगठन के बिना अभिकर्ता अधूरे हैं और आज के समय में इसकी महती आवश्यकता है।

यह चुनाव कोलकाता से आए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोर गोपाल घोष व सह सचिव संदीप दत्ता और उत्तर प्रदेश से आए राष्ट्रीय संगठन सचिव केएन चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुए। नई कार्यकारिणी में भोपाल के अनिश द्विवेदी को कोषाध्यक्ष, प्रदेश संगठन सचिव अजय पाल सिंह को बनाया गया है। वहीं जबलपुर के गोरेलाल यादव, विकास जिंदल, संतोष शर्मा और राजेश जैन को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदीप जैन को सह सचिव बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी मनोनयन किया गया।